भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2398
उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2022

राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन

2398. श्री मारगनी भरत :
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष 2022-23 तक सभी गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या वर्ष 2021-22 तक ब्रॉडबैंड की 60 प्रतिशत कवरेज हासिल करने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और वर्ष 2021-22 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और
(घ) वर्ष 2022-23 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन के तहत लक्ष्य निम्नलिखित है:

लक्ष्य	**प्रथम वर्ष (2020-21)**	**द्वितीय वर्ष (2021-22)**	**तृतीय वर्ष (2022-23)**
गांवों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी (%)	50%	60%	100%

(ख) और (ग) देश में 93.05% गांवों में मोबाइल ब्रॉडबैंड(3जी और 4जी) कवरेज उपलब्ध है।

(घ) राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन के तहत कार्यकलाप और कार्य योजनाएं निम्नलिखित हैं:-

गांवों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी- सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) देश के सेवा से वंचित गांवों में चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड/इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार के पास सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से वित्तपोषण के साथ देश के सेवा से वंचित गांवों में टावर स्थापित करके ब्रॉडबैंड/इंटरनेट सेवाओं को बढ़ाने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए व्यापक दूरसंचार विकास योजना, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्र स्कीम, आकांक्षी जिला स्कीम, द्वीपसमूह के लिए व्यापक दूरसंचार विकास योजना इत्यादि स्कीमें हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 27.07.2022 को देशभर के सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं के सैचुरेशन के लिए 26,316 करोड़ रू. की कुल लागत से एक परियोजना को अनुमोदित किया है। यह परियोजना सुदूरवर्ती और दुर्गम क्षेत्रों में शेष 24,680 सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा 6,279 गांवों में जहां केवल 2जी/3जी कनेक्टिविटी है वहां 4जी में उन्नयन किया जाएगा।

****